प्रेषक,

समयबद्ध / शीर्ष वरीयता।

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड
ननूरखेड़ा, देहरादून।

सेवा में,

समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी,
उत्तराखण्ड।

पत्रॉक / अ0उ0 / तीन(च)19 / 1747-50 / सी.बी.एस.ई.सम्बद्धता / 2025–26 दिनांक 11 जून,2025

**विषय– अटल उत्कृष्ट विद्यालयों की सी.बी.एस.ई. सम्बद्धता (मान्यता) नवीनीकरण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक संज्ञान में आया है कि प्रदेश के अटल उत्कृष्ट विद्यालयों की सी0बी0एस0ई0 सम्बद्धता (मान्यता) माह जून, 2025 में समाप्त हो रही है, इस सम्बन्ध में कतिपय अटल उत्कृष्ट विद्यालयों द्वारा पत्राचार के माध्यम से भी अवगत कराया गया है।

सूच्य है कि निदेशालय के पत्रॉक / सेवायें–2 / सेवा0अराज0 / तीन–च / 02 / 575 / अ0उ0 / 2025–26 दिनांक 22–04–2025 के द्वारा समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जनपदान्तर्गत संचालित राजकीय अटल उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालयों की सी0बी0एस0ई0 से सम्बद्धता नवीनीकरण हेतु प्रति विद्यालय की दर से अनुमानित व्यय विवरण निदेशालय को उपलब्ध करायें किन्तु अद्यतन अनुमानित व्यय विवरण निदेशालय को अप्राप्त है यह स्थिति अत्यन्त खेदजनक है।

जनपदों से अनुमानित व्यय विवरण प्राप्त न होने से वर्तमान में निदेशालय स्तर से धनराशि आवंटित की जानी सम्भव नहीं है। अतः प्रकरण की तात्कालिकता के दृष्टिगत आपको निर्देशित किया जाता है कि जनपद में संचालित समस्त अटल उत्कृष्ट विद्यालयों के प्रधानाचार्यो को तत्काल निर्देशित करें कि विद्यालय में उपलब्ध किसी निधि से ऋण लेकर सी0बी0एस0ई0 नवीनीकरण हेतु तत्काल अग्रेत्तर कार्यवाही करें, धनराशि आवंटित होने पर उक्त ऋण का समायोजन सम्बन्धित निधि में किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया जाता है कि सी0बी0एस0ई से सम्बद्धता (मान्यता) नवीनीकरण होने के उपरान्त कुल नवीनीकरण राशि का बजट मांग पत्र तत्काल निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सी0बी0एस0ई0 से समयान्तर्गत नवीनीकरण न होने की स्थिति में सम्बन्धित प्रधानाचार्य पूर्णरूप से उत्तरदायी होगें।

भवदीय

11.6.25

डॉ0(मुकुल कुमार सती)
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड।

पृ0सं0 / अ0उ0 / तीन(च)19 / 1747-50 / सी.बी.एस.ई.सम्बद्धता / 2025–26 दिनांक उक्तांकित।

प्रतिलिपि, निम्नांकित को सूचनार्थ एवं उक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रेषितः–

1. अपर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मण्डल पौड़ी / कुमाऊं मण्डल नैनीताल।
2. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, उत्तराखण्ड।
3. समस्त प्रधानाचार्य, अटल उत्कृष्ट राजकीय माध्यमिक विद्यालय को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त निर्देशों के अनुरूप तत्काल अग्रेत्तर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

11.6.25
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

E-182614

URGENT

प्रेषक,

**निदेशक,**
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड
देहरादून।

सेवा में,

समस्त **मुख्य शिक्षा अधिकारी**
उत्तराखण्ड।

पत्रांक0 / सेवायें–2 / सेवा0अरा0 / तीन–च / 02 / 575 / अ0उ0 / 25–26, दि0 22 अप्रैल, 2025।

**विषयः** **राजकीय अटल उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालयों को सी0बी0एस0ई से सम्बद्धता अवधि पूर्ण होने के उपरान्त नवीनीकरण हेतु बजट मांग के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक राज्य में संचालित 186 राजकीय अटल उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय सी0बी0एस0ई0 से पांच वर्षो दिनांक 01–04–2021 से दिनांक 31–03–2026 तक सम्बद्धता प्राप्त हुई है, जो कि दिनांक 31–03–2026 को पूर्ण हो रही है। इन विद्यालयों की दिनांक 01–04–2026 से सी0बी0एस0ई0 से सम्बद्धता का नवीनीकरण किया जाना है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि अपने जनपदान्तर्गत संचालित राजकीय अटल उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालयों की सी0बी0एस0ई0 से सम्बद्धता नवीनीकरण हेतु प्रति विद्यालय की दर से अनुमानित व्यय विवरण तत्काल निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि शासन से बजट की मांग की जा सके।

भवदीय

21.04.25

**डॉ0 (मुकुल कुमार सती)**
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner